हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026

11 जोधपुर-फुलेरा रेलखंड पर अंडरब्रिज निर्माण के...



12 अनाज मंडियों में किसानों की सुविधा सर्वोपरि: डीसी



MR SCHOOL Affiliated to CBSE
MITTERPURA | ATELI
॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
A Name of Dedication, Hardwork and Sincerity
FOUNDATION / JEE / NEET COACHING with Aakash Faculty Experts
ADMISSION OPEN Session 2026-27
MR SCHOOL Aakash Medical IIT-JEE Foundation
Aakash की FACULTY अब MR SCHOOL के साथ
MITTERPURA, NARNAUL (HR.) 9466945658, 9416903367 mrps530543@gmail.com www.mrpublicschool.com
NARNAUL ROAD, ATELI 8278085868, 9416903367 mrpsateli@gmail.com www.mrpsateli.in

परिसीमन 2026 में महेंद्रगढ़ को समान प्रतिनिधित्व की आस, 4 से 7 विधानसभा सीटें हों तो जिले की रहे मजबूत भागीदारी

# 1967 से अब तक 4 गुना बढ़े मतदाता, 60 साल बाद सीटें वही 4, अब 'न्यायपूर्ण हिस्सेदारी' की उठी मजबूत आवाज

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

साल 2026 में प्रस्तावित परिसीमन को लेकर हरियाणा में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है, लेकिन जिला महेंद्रगढ़ के लिए यह सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने अधिकार और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व की लड़ाई बनती जा रही है। बढ़ती आबादी और मतदाताओं के भारी दबाव के बीच अब जिले में विधानसभा सीटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 7 करने की मांग जोर पकड़ चुकी है। इस पूरे मुद्दे की सबसे महत्वपूर्ण और चौंकाने वाली बात यह है कि 1967 के पहले विधानसभा चुनाव में भी महेंद्रगढ़ क्षेत्र (तत्कालीन स्वरूप में) को 4 विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व मिला हुआ था और आज लगभग 60 साल बाद जब जनसंख्या और मतदाताओं की संख्या कई गुना बढ़ चुकी है, तब भी जिले के हिस्से में मात्र 4 विधानसभा सीटें ही हैं। यही वह बिंदु है जो पूरे विवाद और मांग की 'जान'बनकर उभरा है।

### सीमित प्रतिनिधित्व से विकास की दौड़ में नुकसान उठा रहा जिला

हरियाणा के गठन के समय 1 नवंबर 1966 को राज्य में 7 जिले और 51 विधानसभा सीटें थीं। 1967 में सीटें बढ़कर 81 हुईं और 1977 में यह संख्या 90 तक पहुंची, जो आज भी स्थिर है। साल 2007-08 में परिसीमन हुआ, लेकिन कुल सीटों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं की गई और यह प्रक्रिया भी 2001 की जनगणना के आधार पर ही पूरी की गई। महेंद्रगढ़ जिले का राजनीतिक इतिहास इस असंतुलन को और गहराई से दर्शाता है। 1967 में इस क्षेत्र में नारनौल, महेंद्रगढ़, अटेली, कनीना, रेवाड़ी, जाटूसाना और बावल समेत कुल 7 विधानसभा सीटें थीं। बाद में कनीना सीट समाप्त कर दी गई और 1989 में रेवाड़ी अलग जिला बनने के बाद तीन सीटें-रेवाड़ी, बावल और जाटूसाना-वहां चली गईं। इसके बाद महेंद्रगढ़ जिले में केवल 3 सीटें ही बचीं। लंबे समय तक इस सीमित प्रतिनिधित्व के कारण जिले को विकास की दौड़ में नुकसान उठाना पड़ा। साल 2007-08 के परिसीमन में नांगल चौधरी को जोड़कर सीटों की संख्या 4 की गई, लेकिन यह बढ़ोतरी भी वास्तविक जनसंख्या के मुकाबले काफी कम मानी जाती है।




नारनौल। महेंद्रगढ़ जिला का नक्शा। फोटो : हरिभूमि

### जनसंख्या चार गुणा बढ़ी, पर सीटें वहीं 4

आंकड़े इस असमानता को और स्पष्ट करते हैं। 1967 में चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाता 2,10,808 थे। साल 1977 में यह बढ़कर 2,88,907 हो गए, लेकिन सीटों की संख्या घट गई। साल 2009 में जनसंख्या का आंकड़ा 5,29,824 तक पहुंची और साल 2024 में बढ़कर 7,29,279 जनसंख्या हो गई। यानी मतदाता संख्या लगभग चार गुना बढ़ चुकी है, लेकिन सीटों की संख्या वहीं की वहीं है। यही वजह है कि अब जिले में यह सवाल जोर-शोर से उठ रहा है कि जब 1967 में 4 सीटें 2 लाख मतदाताओं के लिए पर्याप्त मानी गई थीं, तो आज 7 लाख से अधिक मतदाताओं के लिए वही 4 सीटें कैसे न्यायसंगत हो सकती हैं?

### 2026 में होने वाले परिसीमन से जिला को आस

स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों का मानना है कि विधानसभा सीटों की संख्या किसी भी जिले के विकास, बजट आवंटन और राजनीतिक प्राथमिकताओं को सीधे प्रभावित करती है। कम सीटों के कारण महेंद्रगढ़ को लंबे समय तक अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल पाई। साल 2026 के परिसीमन को लेकर जिले में एक नई उम्मीद जगी है। लोग चाहते हैं कि इस बार केवल सीमाओं का पुनर्निर्धारण न होकर वास्तविक जनसंख्या और मतदाता अनुपात के आधार पर सीटों की संख्या बढ़ाई जाए। यदि महेंद्रगढ़ को 7 विधानसभा सीटें मिलती हैं, तो यह न केवल लोकतांत्रिक संतुलन को मजबूत करेगा, बल्कि जिले के विकास को भी नई दिशा देगा। फिलहाल पूरे जिले की नजरें 2026 पर टिकी हैं। इस विश्वास के साथ कि इस बार इतिहास नहीं, बल्कि न्याय बदलेगा पूरा क्षेत्र नजरें ठहराए बैठा है।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग पर जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को जलेबी चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान कर्मबीर वासी रघुनाथपुरा व सुनील वासी डोहर खुर्द के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपितों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया डंडा व कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक 12 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे किला रोड स्थित संगठन के कार्यालय साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में होगी। संगठन के कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा करेंगे। जिसमे वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के साथ-साथ शहर की ज्वलंत समस्याओ पर भी मंथन किया जाएगा।

### प्रजापति परगना कांटी की आमसभा 12 को

**मंडी अटेली।** प्रजापति समाज परगना कांटी की आम सभा की बैठक 12 अप्रैल को अटेली स्थित प्रजापति धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। सभा के सचिव राकेश प्रजापत ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 कालेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के आगामी कार्यों की रूपरेखा भी तय की जाएगी।

शिकायतों के बावजूद कार्रवाई अधूरी, बदबू व जलभराव से लोगों का जीना मुश्किल

# सीवर समस्या बनी नलापुर के लोगों के लिए 'गले की फांस'

*अस्थाई जुगाड़ से काम चला रहा विभाग*

**डेढ़-दो महीने से मोटरों व पाइपों के सहारे हो रही निकासी, स्थायी समाधान पर नहीं दिया जा रहा ध्यान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के मोहल्ला नलापुर में जैन मंदिर के पास रहने वाले लोगों के लिए सीवरेज की समस्या अब बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। स्थिति यह है कि यहां के निवासी पिछले डेढ़ से दो महीनों से बदबू, गंदगी और जलभराव के बीच रहने को मजबूर हैं। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्या का स्थाई समाधान करने के बजाय अस्थाई इंतजामों से काम चलाया जा रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है।

बता दें कि नलापुर में जैन मंदिर के समीप सीवर लाइन में ब्लॉकेज होने के कारण गंदा पानी बार-बार सड़कों और गलियों में भर जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए विभाग ने एक मैनहोल से दूसरे मैनहोल तक सीवर की सफाई करने की बजाय सड़क पर पाइप डाले हुए हैं। इन पाइपों व बिजली मोटर के माध्यम से मोटरों की सहायता से सीवर का पानी एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया जा रहा है। यह व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, लेकिन ठोस समाधान नहीं किया जा रहा है। कमाल की बात यह है कि त्रिलोक सैनी स्टूडियो के मोड़ पर सीवर का मैनहोल क्षतिग्रस्त है तथा उसमें क्षतिग्रस्त होल को पत्थर डालकर ढका हुआ है। अन्यथा यहां गाड़ियों मोड़ काटते वक्त इस होल में फंस जाती हैं और लोगों को बड़ी परेशानी होती है।



नारनौल। कुंडी कनेक्शन करके मोटर एवं पाइपों द्वारा की जा रही सीवर निकासी। फोटो : हरिभूमि

### कुंडी कनेक्शन से चलाते हैं मोटरें

*यहां की सीवर निकासी के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा मोटरों को बिजली के कुंडी कनेक्शन से चलाया जा रहा है, जो न केवल अवैध है, बल्कि जोखिम भरा भी है। यदि किसी कारणवश मोटर बंद हो जाती है, तो पीपल के पेड़ के नीचे और आसपास की गलियों में तुरंत गंदा पानी भर जाता है। इससे राहगीरों का निकलना तक मुश्किल हो जाता है और वाहन चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए वे कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं। इसके अलावा वार्ड पार्षद सुशीला सैनी भी नगर परिषद और संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस बारे में अवगत करा चुकी हैं। शिकायतों के बाद विभाग के अधिकारी दो बार मौके का मुआयना भी कर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।*

### यह बोले मोहल्लावासी

*स्थानीय निवासियों त्रिलोक सैनी, सतीश सैनी, गोलू, निखिल, मनमोहन सैनी, अरविंद और जतिन आदि ने बताया कि विभाग को ब्लॉकेज की सटीक जानकारी है, फिर भी स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी केवल औपचारिकता निभाने के लिए मौके पर आते हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। सीवर के गंदे पानी से उठने वाली बदबू के कारण आसपास के घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि दिनभर दुर्गंध के कारण घरों के दरवाजे-खिड़कियां बंद रखनी पड़ती हैं। इससे न केवल स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से परेशानी झेलनी पड़ रही है। मोहल्लावासियों का यह भी कहना है कि इस रास्ते से रोजाना कई लोग और वाहन गुजरते हैं, लेकिन गंदे पानी और बिजली के तारों से हादसे का खतरा बना रहता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर चुके हैं। इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।*

### यह बोले जेई

इस मामले में जनस्वास्थ्य विभाग के जेई आकाश कुमार का कहना है कि समस्या उनके संज्ञान में है और इसके समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्थाई समाधान किया जाएगा, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### आश्वासनों पर भरोसा नहीं रहा

लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से ऐसे ही आश्वासन सुनते आ रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नहीं हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सीवर लाइन की सही तरीके से सफाई कर ब्लॉकेज दूर किया जाए और स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके। फिलहाल, नलापुर के लोगों के लिए यह सीवरेज समस्या किसी 'गले की फांस' से कम नहीं है, जो हर दिन उनकी मुश्किलें बढ़ा रही है।

# वृद्ध महिला की कुए में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

**मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा**

गांव मोहनपुर में करीब 72 वर्षीय वृद्ध महिला की कुए से लाश बरामद हुई है। सदर पुलिस ने वृद्धा का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

गांव मोहनपुर में 72 वर्षीय महिला कमला देवी गांव के पास लगते खेतों में घूमने के लिए निकली थी। इस दौरान उसको खेतों में बना हुआ कुआं दिखाई नहीं दिया, जिसके चलते वह उस कुएं में गिर गई। आसपास के खेतों में काम करने वाले लोगों ने उसको कुएं में गिरते हुए देख लिया तथा इसकी जानकारी अन्य ग्रामीणों, गांव के सरपंच व पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कमला को कुएं से बाहर निकाला, मगर जब तक कमला देवी की मौत हो चुकी थी। मौके पर पुलिस ने एम्बुलेंस को भी बुला लिया था, जिसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों व परिजनों के बयान लिए। वहीं शव को एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए नारनौल के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## खेड़ा निवासी व्यक्ति की जयपुर में इलाज के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव खेड़ा निवासी एक व्यक्ति की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान खेड़ा निवासी 54 वर्षीय श्रीभगवान के रूप में हुई है।

कोथल खुर्द निवासी आत्मप्रकाश ने बताया कि 5 अप्रैल को श्रीभगवान खेत से लावणी (गेहूं की कटाई) करके शाम को घर लौट रहे थे। घर के पास गली में वे अचानक गिरकर बेहोश हो गए। परिजनों ने उन्हें तुरंत महेंद्रगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उन्हें नारनौल के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। नारनौल में डॉक्टरों ने भी श्रीभगवान की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जयपुर रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें जयपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां उनका इलाज चल रहा था। 7 अप्रैल को इलाज के दौरान श्रीभगवान की मौत हो गई। मृतक श्रीभगवान अपने पीछे एक बेटे को छोड़ गए हैं।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुनवाई के बाद यादव सभा विवाद गरमाया

**लिखित जवाब में एडहॉक कमेटी पर आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यादव सभा में चल रहे विवाद को लेकर तीन अप्रैल को जिला रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं समितियां नारनौल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की गई। इस सुनवाई के दौरान संबंधित पक्ष से लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में सभा सदस्य प्रदीप बालरोडिया ने अपना विस्तृत लिखित जवाब प्रस्तुत करते हुए एडहॉक कमेटी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने जवाब में स्पष्ट किया कि चार दिसंबर 2025 को गठित एडहॉक कमेटी को तीन माह के भीतर निष्पक्ष चुनाव कराने और लंबित मामलों का निस्तारण करने का दायित्व दिया गया था, लेकिन समिति इस उद्देश्य में पूरी तरह विफल रही। उन्होंने कहा कि कार्यकाल के दौरान चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी समिति द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है, जो पूरी तरह असंवैधानिक और अवैध है। लिखित जवाब में यह भी आरोप लगाया गया है कि समिति ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर आम सभाएं बुलाईं और निर्णय लिए, जो संस्था के नियमों का सीधा उल्लंघन है। प्रदीप बालरोडिया ने लिखित जवाब में जिला रजिस्ट्रार से मांग की है कि एडहॉक कमेटी के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय की होगी।

भारत से खाड़ी देशों, खासकर ईरान सहित अन्य क्षेत्रों में बड़े स्तर पर होता था केले का निर्यात

# खाड़ी युद्ध का असर: 'केला सस्ता', 80 से गिरकर 40 रुपये दर्जन

**हवाई उड़ानों पर असर पड़ने से प्रभावित है निर्यात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

खाड़ी देशों में जारी युद्ध का असर अब स्थानीय फल बाजार पर भी साफ दिखाई देने लगा है। आमतौर पर 60 से 80 रुपये दर्जन बिकने वाला बढ़िया केला इन दिनों महज 40 रुपये दर्जन तक पहुंच गया है। व्यापारियों और विक्रेताओं के अनुसार यह गिरावट केवल मांग में कमी नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय हालात और स्थानीय परिस्थितियों का संयुक्त परिणाम है।

फल व्यापारियों का कहना है कि भारत से खाड़ी देशों, खासकर ईरान सहित अन्य क्षेत्रों में बड़े स्तर पर केले का निर्यात होता था, लेकिन अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच 28 फरवरी से जारी युद्ध के चलते हवाई उड़ानों पर असर पड़ा है। कई रूट प्रभावित होने से निर्यात लगभग ठप हो गया है।



नारनौल। बस स्टैंड के बाहर केलों से लदी रेहड़ी। फोटो : हरिभूमि

निर्यात बंद होने से जो केला विदेश जाना था, वह अब स्थानीय मंडियों में ही खप रहा है। इससे बाजार में अचानक सप्लाई बढ़ गई और कीमतों में गिरावट आ गई।

केला विक्रेता रामकिशन सैनी, सुरेंद्र महल, संजू, धर्मेंद्र आदि के अनुसार इन दिनों गांवों में लावणी (खेती का कार्य) चल रही है, जिसके चलते ग्रामीण उपभोक्ता बाजारों तक कम पहुंच रहे हैं। इससे मांग में कमी आई है। वहीं पिछले एक सप्ताह से मौसम भी खराब बना हुआ है।

कभी बादल, कभी हल्की बारिश के कारण लोगों की बाजार में आवाजाही कम हुई है। इसका सीधा असर फलों की बिक्री पर पड़ा है। इसके अलावा बाजार में तरबूज, खरबूज और अन्य मौसमी फलों की आवक बढ़ने से भी केला पीछे छूट गया है। ग्राहकों के पास विकल्प बढ़ने से केले की मांग और कमजोर हो गई है।

### विक्रेताओं को घाटा ग्राहकों को राहत

फल विक्रेताओं का कहना है कि सस्ता होने के बावजूद केले की बिक्री अपेक्षा के अनुसार नहीं बढ़ रही है, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। जल्दी खराब होने वाला फल होने के कारण स्टॉक ज्यादा दिन तक रखना भी संभव नहीं है। वहीं दूसरी ओर ग्राहकों के लिए यह राहत भरी खबर है। कम कीमत में अच्छा फल मिलने से लोग अधिक मात्रा में खरीदारी कर सकते हैं। कुल मिलाकर खाड़ी युद्ध, मौसम और स्थानीय कारणों के चलते केले की कीमतों में आई गिरावट फिलहाल उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद है, लेकिन व्यापारियों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है।

### केला खाने के फायदे

केला प्राकृतिक शुगर (ग्लूकोज, फ्रक्टोज, सुक्रोज) से भरपूर होता है, जो शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जिससे कब्ज की समस्या दूर होती है और पाचन सही रहता है। केले में पोटैशियम प्रचुर मात्रा में होता है, जो ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखने और हृदय को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। कम कैलोरी और अधिक फाइबर होने के कारण केला लंबे समय तक पेट भरा रखता है, जिससे ओवरईटिंग कम होती है। केले में ट्रिप्टोफैन नामक तत्व पाया जाता है, जो मूड बेहतर करने और तनाव कम करने में सहायक होता है। तुरंत ऊर्जा देने की क्षमता के कारण खिलाड़ी अक्सर केला अपने आहार में शामिल करते हैं।

### कई ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

# जोधपुर-फुलेरा रेलखंड पर अंडरब्रिज निर्माण के चलते लिया जाएगा ब्लॉक

रेल सेवाएं रहेंगी आंशिक रूप से रद्द, मार्ग परिवर्तित व रेगुलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जोधपुर-फुलेरा रेलखंड पर मेडता रोड स्टेशन यार्ड में समपार फाटक संख्या 100 पर रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी) निर्माण कार्य किया जाएगा। इस कार्य के चलते रेलवे की ओर से ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इसका असर महेंद्रगढ़ जिले के यात्रियों पर भी पड़ेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते कुछ रेल सेवाएं आंशिक रूप से रद्द, मार्ग परिवर्तित तथा रेगुलेट रहेगी। इन ट्रेनों का ठहराव महेंद्रगढ़, सतनाली, नारनौल व अटेली रेलवे स्टेशनों पर होता है।

**गाड़ी का रास्ते में ठहराव:** रेलवे प्रशासन के अनुसार कुछ ट्रेनों को रास्ते में रोका भी जाएगा। गाड़ी संख्या 15624 कामाख्या-भगत की कोठी एक्सप्रेस 22 मई को कामाख्या से चलकर रतनगढ़ व मेडता रोड के बीच लगभग दो घंटे तक रेगुलेट रहेगी। इस ट्रेन का महेंद्रगढ़ व सतनाली स्टेशनों पर ठहराव होता है। इसी तरह गाड़ी संख्या 22481 जोधपुर-दिल्ली सराय सुपरफास्ट एक्सप्रेस 24 मई को जोधपुर से चलकर जोधपुर-मेडता रोड के बीच करीब 30 मिनट तक रेगुलेट रहेगी। इस ट्रेन का भी महेंद्रगढ़ स्टेशन पर ठहराव है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

#### यात्री होंगे परेशान

इसके अलावा गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर एक्सप्रेस 24 मई को दिल्ली से चलकर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-अजमेर-मारवाड़ जंक्शन-जोधपुर के रास्ते संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह ट्रेन अजमेर, मारवाड़ जंक्शन, पाली मारवाड़ और लूनी स्टेशनों पर भी ठहरेगी। इस ट्रेन का ठहराव अटेली व नारनौल स्टेशनों पर होता है, इसलिए इन क्षेत्रों के यात्रियों को भी समय में बदलाव की जानकारी पहले से लेने की सलाह दी गई है।

#### ये दो ट्रेनें रहेंगी रद्द

उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 22422 जोधपुर-दिल्ली सराय एक्सप्रेस 24 मई को जोधपुर के स्थान पर डेगाना से संचालित होगी। इस कारण यह ट्रेन जोधपुर से डेगाना के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। वहीं गाड़ी संख्या 22421 दिल्ली सराय-जोधपुर एक्सप्रेस भी 24 मई को दिल्ली से चलकर केवल डेगाना तक ही जाएगी और डेगाना से जोधपुर के बीच आंशिक रद्द रहेगी। इन दोनों ट्रेनों का महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव होता है, इसलिए जिले के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

#### दोहरीकरण कार्यः रेल यातायात रहेगा बाधित

**कनीना।** रेलवे के बीकानेर डिवीजन अंतर्गत चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड के मध्य दुधवाखारा-हड़याल-डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य रेलपथ के दोहरीकरण कार्य के लिए ऑटोमेटिक सिंगनलिंग कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते इस पथ पर रेल यातायात बाधित रहेगा। कुछ रेलसेवाओं का मार्ग परिवर्तित किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि दोहरीकरण कार्य के चलते उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से गाड़ी संख्या 14891, जोधपुर-हिसार रेल सेवा 14 अप्रैल को जोधपुर से प्रस्थान करेगी, यह रतनगढ़ तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा रतनगढ़-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14892 हिसार-जोधपुर रेलसेवा 15 अप्रैल को हिसार के स्थान पर रतनगढ़ से संचालित होगी। इन रेलगाड़ी को चूरू-हिसार-चूरू के मध्य भी आंशिक रद्द किया गया है।



महेंद्रगढ़। अवार्ड प्राप्त करते विश्वविद्यालय अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

# सिंघानिया विवि ने राष्ट्रीय स्तर पर दोहरे सम्मान की बड़ी उपलब्धि हासिल की

- रानी किंग में विश्वविद्यालय के विधि संकाय को श्रेष्टता की संभावनाओं वाले संस्थान श्रेणी में पूरे भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

पचेरी बड़ी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर समारोह में एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त किया। यह सम्मान जयपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजस्थान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय अध्यक्ष व रिटायर्ड आईएएस डॉ. मनोज कुमार एवं प्रो प्रेसिडेंट एवं मुख्य वित्त अधिकारी सुनील कुमार सोबती ने ग्रहण किया। यह सम्मान संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर उत्कृष्ट कार्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके साथ ही, अभी हाल ही में आउटलुक मैगजीन द्वारा जारी रानी किंग में विश्वविद्यालय के विधि संकाय को श्रेष्ठता की संभावनाओं वाले संस्थान श्रेणी में पूरे भारत में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय का प्रमुख पाठ्यक्रम बीए एलएलबी ऑनर्स बार कॉउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है, जो इसकी शैक्षणिक गुणवत्ता को और मजबूत बनाता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि संस्थान ग्रामीण परिवेश में रहकर भी निरंतर उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करने के लिए दिन-प्रतिदिन कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर, उन्नत प्रयोगशाला तथा सभी आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। छात्रों के बेहतर प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय ने देश की टॉप कंसल्टेंसी कंपनी फर्स्ट मेरीडियन प्रोफेशनल के साथ टाई-अप किया है। इसके अलावा, देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ कई एमओयू साइन किए गए हैं, जिससे छात्रों को व्यापक एक्सपोजर मिल सके। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी कहा कि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और अवसर उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है, ताकि उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े। संस्थान में आईआईटी व नीट और केंद्रीय विश्वविद्यालयों के अनुभवी फैकल्टी सदस्य भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कैंपस डायरेक्टर प्रोफेसर पीएस जस्सल ने कहा कि संस्थान के चेयरमैन रवि सिंघानिया एवं अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है।

### विद्यार्थियों ने किया अडानी प्लांट का भ्रमण



**नारनौल।** बाबा खेतानाथ राजकीय पॉलिटेक्निक के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के 6वें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अडानी पॉवर लिमिटेड के 500 केवी एचवीडीसी ट्रांसमिशन स्टेशन गांव अगिहार का औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। भ्रमण का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य अनिल यादव एवं विभागाध्यक्ष जगदीप सांगवान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योगों से जुड़कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च वोल्टेज विद्युत संचरण प्रणाली (एचवीडीसी) की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। इस दौरान विद्यार्थियों ने 500 केवी एचवीडीसी ट्रांसमिशन सिस्टम को नजदीक से देखा तथा आधुनिक विद्युत तकनीकों, नियंत्रण प्रणाली एवं संचालन प्रक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। इस अवसर पर प्रवक्ता राजेश सैनी एवं कुलदीप मित्तल विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे।

# महिला कॉलेज में रिमोट सेंसिंग पर कार्यशाला


नारनौल। कार्यशाला में भाग लेने वाले विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महिला महाविद्यालय के भूगोल विभाग में रिमोट सेंसिंग व जीआईएस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। इस कार्यशाला में महिला महाविद्यालय की छात्राओं के अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय के स्नातकोत्तर के छात्रों ने भी भागीदारी की। प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने कार्यशाला छात्रों के लिए अति उपयोगी बताया। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. यशपाल ने रिमोट सेंसिंग और जीआईएस को भूगोल का भविष्य बताते हुए छात्रों से इसे आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यशाला की संयोजिका डॉ. मुकेश यादव ने कार्यशाला के रूपरेखा देते हुए बताया कि इसमें दो दिवसीय कार्यशाला में रिसोर्सपर्सन के रूप में डॉ. भरत कुमार सोनी असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़, अनिल कुमार यादव पूर्व फैकल्टी आईपीएस कॉलेज महेंद्रगढ़, डॉ. चंद्र मोहन प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय नारनौल रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय से अंजू रानी व डॉ. ममता सिद्धार्थ ने भी कार्यशाला में भागीदारी कर छात्रों को सार्थक जानकारी दी।

### दा वेदांता स्कूल में फाउंडेशन डे पर भव्य कार्यक्रम हुआ




**नारनौल।** दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को दूसरे फाउंडेशन डे के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदस्य एचपीएससी ममता यादव व विशिष्ट अतिथि भारतीय ट्रैप शूटिंग टीम की कोच वर्षा तोमर थी। इस अवसर पर रमन राव, राव शूटिंग अकेडमी रेवाड़ी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार यादव व प्राचार्य अनिल मुखीजा, उप- प्राचार्या आरजू भरद्वाज ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार की सुविधाएं विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को एक अच्छा व योग्य नागरिक बनाना विद्यालय की प्रथम जिम्मेदारी है, ताकि वे देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। विशिष्ट अतिथि ने छात्रों को शूटिंग खेल में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को सतत प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया व कहा कि योद्धा व खिलाड़ी कभी हार नहीं मानते है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस शूटिंग रेंज के माध्यम से छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे वे भविष्य में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। मंच संचालन शिक्षिका कोमल यादव ने किया। इस मौके पर सुरेश यादव, सुधीर यादव, महेंद्र शर्मा, रवि कुमार, रमेश कुमार, मनविजय, नरेश यादव, ममता यादव, प्रदीप यादव, विजय कुमार, गजराज यादव, वीरभद्र आदि मौजूद थे।

### खबर संक्षेप

#### यदुवंशी कॉलेज की आरती ने टॉप 10 में बनाया स्थान



**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा पीजी पॉलिटिकल साइंस के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज की प्रतिभाशाली छात्रा आरती पुत्री जोगेंद्र सिंह ने पूरे विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में नौवा स्थान हासिल किया। आरती की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और यदुवंशी कॉलेज का नाम भी रोशन किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों के व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समर्पित शिक्षकों का प्रमाण है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीत यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने भी आरती को बधाई देते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में टॉप 10 में स्थान हासिल करना कोई आसान कार्य नहीं है।



#### गुरुकुलम स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कैम्प लगाया

**नांगल चौधरी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दी गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विशेष स्वास्थ्य चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नारनौल की एक निजी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विभिन्न चेकअप किए तथा लैब रिपोर्ट के आधार पर इलाज व दवाइयां उपलब्ध कराई। इस दौरान विद्यार्थियों को नियमित योगासन तथा सात्विक भोजन खाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने की। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में बच्चे सर्वाधिक बीमार होते हैं, क्योंकि इन्हें स्वच्छता तथा खानपान जानकारी नहीं होती। अधिकांश बच्चे खाना खाने से पहले हैंडवाश नहीं करते, जिस कारण बैक्ट्रिया भोजन के साथ पेट में प्रवेश करते हैं। जिसके प्रभाव से डायरिया, उल्टी, एलर्जी व अन्य संक्रमित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बचाव के लिए बच्चों को स्वच्छता पर विशेष फोकस करना अनिवार्य है। भोजन में स्लाद तथा मोटे अनाज को शामिल करें, जिससे पाचन तंत्र स्वस्थ्य बना रहेगा। इसके बाद बच्चों के दांत, एलर्जी व एचबी टेस्ट किया गया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन धर्मबीर सिंह, निदेशक राजपाल, प्राचार्या निर्मला चौधरी मौजूद रहे।

### आरपीएस में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शिविर आयोजित



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बेहतर जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का आयोजन आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य की उचित देखभाल करने और घातक जंक फूड से दूरी बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। बच्चों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और प्राणायाम व विभिन्न आसनों के माध्यम से उपस्थितजनों को निरोग काया के लिए योग अपनाने का संदेश दिया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।

# बीआर स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेहलंग में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. शेखर गोयल उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए। डॉ. शेखर गोयल ने कहा कि आज के समय में स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन दोनों ही आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग एवं समय पर सोने-जागने की आदत अपनाने की सलाह दी। साथ ही मोबाइल और जंक फूड से दूरी बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की।

### कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति वर्ग की बैठक



**नारनौल।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति की बैठक डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा परिसर में जिला अध्यक्ष तोताराम कोली की अध्यक्षता में हुई। जिसमें स्टेट वाइस चेयरमैन एवं जिला प्रभारी अनिल फांडन कलवाड़ी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 12 अप्रैल सुबह 6 बजे रन फार अम्बेडकर रन फार कॉन्स्टिट्यूशन मैराथन दौड़ का आयोजन दिल्ली मंडी हाउस से 26 अलीपुर रोड तक किया जाएगा। जिसको राजेंद्रपाल गौतम नेशनल चेयरमैन एवं राहुल गांधी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता अपना पंजीकरण करवा ले। जिले से काफी संख्या में पार्टी के नेतागण व कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शेरसिंह फौजी भोजवास, गुलाब सिंह, राजेश चांवरिया, संदीप मेहरा, गोविंद दायमा, महासचिव राजेश कुमार, महावीर मंडाना, राजेश, नरेश बेरी, विकाश बचीनी, बलबीर सिंह आदि मौजूद थे।

### गोपाल गोशाला में हुआ भव्य एवं गरिमामय स्वागत समारोह

# भारत विकास परिषद के अध्यक्ष बने मुकेश गोशाला में श्रद्धापूर्वक सवामणी की अर्पित

- गोसेवा भारतीय संस्कृति की महान परंपरा : मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत विकास परिषद शाखा नारनौल के नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेश जैन के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी ने अपने कार्यकाल के प्रथम दिवस पर सेवा, संस्कार एवं सामाजिक समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान गोपाल गोशाला में एक भव्य एवं गरिमामय स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पलक जैन द्वारा आगामी 23 अप्रैल को दिल्ली में होने वाली दीक्षा से पूर्व अपने परिवार सहित गोमाता की स्वामणी कराई गई। इस अवसर ने पूरे वातावरण को श्रद्धा, भक्ति और संस्कारों से ओत-प्रोत कर दिया। बताया गया कि पलक जैन सांसारिक सुखों का त्याग कर संयम मार्ग को अपनाने जा रही हैं। अपने संबोधन में उन्होंने संयम, त्याग एवं आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार यादव एवं पूर्व शाखा अध्यक्ष कविंद्र सचदेवा ने नव नियुक्त अध्यक्ष मुकेश जैन को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में अध्यक्ष मुकेश जैन ने गोपाल गोशाला द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है, जिसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प भी व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान संदीप शुक्ला को सचिव तथा भगत सिंह सैनी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।



नारनौल। नव नियुक्त शाखा अध्यक्ष मुकेश जैन को सम्मानित करते शाखा परिवार। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विजय जिंदल, डॉ. शिव कुमार, अशोक सिंघल, नीरज अग्रवाल, बीडी वशिष्ठ, नवीन गुप्ता, सुभाष कश्यप, नरोत्तम सोनी, धीरज भ्याना, पवन यादव, सुनील गुप्ता, सुनील मित्तल, मुकेश देवी, अनु अग्रवाल, सरोज कश्यप, मीतू जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। साथ ही पलक जैन की माता त्रिशला, पिता राजेश, दादी पुष्पा जैन व बहन यशस्वी सहित परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना (PUBLIC NOTICE)**

यह आम जनता एवं संबंधित सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल, महेंद्रगढ़ (हरियाणा) द्वारा मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (MRD) में सुरक्षित पुराने चिकित्सा अभिलेखों को अस्पताल की रिकॉर्ड संरक्षण नीति के अनुसार नष्ट किया जाना प्रस्तावित है।
नष्ट किए जाने वाले अभिलेखों का विवरण निम्नानुसार हैः
- **रिकॉर्ड का प्रकारः** इंडोर पेशेंट विभाग (IPD) फाइलें / केस शीट्स
- **अवधिः** अगस्त 2017 से दिसंबर 2021 तक
- (मेडिको-लीगल केस, मृत्यु संबंधी केस तथा न्यायालय मे लंबित मामलों को छोड़कर)

सभी मरीजों, उनके परिजनों अथवा किसी भी संबंधित प्राधिकरण से अनुरोध है कि यदि वे इन अभिलेखों की प्रतिलिपि प्राप्त करना चाहते हैं, तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों के भीतर** अस्पताल से संपर्क करें।
उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात सभी अभिलेखों को स्थायी रूप से नष्ट कर दिया जाएगा तथा इसके बाद कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
**संपर्क विवरणः**
मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (MRD)
लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल
नारनौल रोड, महेंद्रगढ़, हरियाणा

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby informed to general public that Shri Brij Lal, resident of Mohalla Keshav Nagar, Narnaul, District Mahendragarh (Hry), expired on 08/08/2022. He was the owner of agricultural land situated at above-mentioned address.The following persons are the legal heirs of Brij lal 1.. Santi Devi – Wife, 2.Manoj Kumar – Son , 3. Jai Shree Yadav –Daughter 4.. Suman Yadav Daughter 5. Dushyant Kumar – Son That the above-mentioned legal heirs have applied for mutation of the said property in their names in the revenue records.If any person has any objection who submit objection in writing to the concerned authority within 30 days from the date of publication.

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोजिन्दा तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय कोजिन्दा, खण्ड नांगल चौधरी जिला महेन्द्रगढ़ हरियाणा में दिनांक 24-04-2026 को प्रातः 11 बजे नकारा कमरों की खुली बोली द्वारा निलामी की जानी है। प्रत्येक बोलीदाता द्वारा धरोहर राशि के रूप में क्रमशः-5000/- (पाँच हजार) का डीमांड ड्राफ्ट अथवा नगद राशि बोली से पूर्व विद्यालय मुखियाओं को जमा करवाना अनिवार्य होगा। बोलीदाता के हक में बोली छोड़ने के उपरान्त कुल राशि (धरोहर राशि को छोडकर) का 25 प्रतिशत मौके पर तथा बकाया 75 प्रतिशत 72 घण्टे के भीतर जमा करवानी अनिवार्य होगी। बोली से संबंधित रिजर्व मूल्य तथा अन्य शर्तें मौके पर बता दी जायगी। एसएमसी का अन्तिम निर्णय मान्य होगा।

एसएमसी/ कार्यवाहक मुख्य शिक्षिक
राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोजिन्द (15027)
मो0-9466382021

एसएमसी/ कार्यवाहक मुख्य अध्यापक
राजकीय माध्यमिक विद्यालय कोजिन्दा (4455)
मो0-9306396860

**खबर संक्षेप**

### अटेली में बदला मौसम बारिश से किसान चिंतित

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह करीब साढ़े 11 बजे से शुरू हुई हल्की बारिश और तेज हवाओं का दौर दोपहर करीब दो बजे तक जारी रहा जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। अचानक बदले मौसम से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। वहीं इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इन दिनों क्षेत्र में गेहूं की कटाई का कार्य जोरों पर है और काफी फसल कटकर खेतों में पड़ी हुई है। ऐसे में बारिश के कारण फसल के भीगने का खतरा मंडरा रहा है जिससे अनाज की गुणवत्ता खराब होने और उत्पादन घटने की आशंका है।

### सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर का गांव में सम्मान

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ निवासी बीएसएफ से सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर धीरेपाल यादव पुत्र रामस्वरूप का मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम एवं ग्राम पंचायत सिसोठ के सदस्यों ने हरियाली का प्रतीक पौधा और फूलों का बुक्का भेंटकर सम्मानित किया। मिशन महेंद्रगढ अपना जल टीम सदस्य एवं समाजसेवी मुकेश चौहान, सूरत सिंह चेयरमैन व सरपंच बीरेंद्र यादव ने बताया कि धीरेपाल यादव सब इंस्पेक्टर के पद पर होते हुए अपने पद के अनुरूप गरिमा में रहते हुए ईमानदारी और निष्ठा से अपनी ड्यूटी पूरी की है।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 9 को

**नारनौल।** युवाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें उनके कौशल के अनुरूप रोजगार दिलाने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नौ अप्रैल को एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि इस मेले में प्रसिद्ध कंपनी यूएनओ मिंडा, मानेसर शिरकत कर रही है। यह कंपनी विभिन्न तकनीकी ट्रेडों के पासआउट युवाओं का चयन कर उन्हें सीधे अपनी कंपनी में नौकरी का अवसर प्रदान करेगी।

### 5 किलो के सिलेंडरों का विकल्प मौजूद

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ एलपीजी और पीएनजी वितरण पर चर्चा की तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। जिला महेंद्रगढ़ की ओर से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिले की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि महेंद्रगढ़ में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है।

डीसी ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि छह अप्रैल तक के आंकड़ों के अनुसार जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास कुल 3723 सिलेंडरों का मजबूत स्टॉक उपलब्ध रहा। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आज ही कुल 3293 सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित की गई है।

*1.62 करोड़ रुपये की आएगी लागत, काफी समय से अंधेरे में डूबा था स्टेट हाईवे*

# शहर के बीचोंबीच नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे पर लगेंगी स्ट्रीट लाइट, एजेंसी ने काम किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

लंबे समय के इंतजार के बाद शहर के बीचों-बीच से गुजर रहे नवनिर्मित फोरलेन स्टेट हाईवे 148बी के दिन अब बहुरने वाले हैं। पिछले लगभग एक वर्ष से अंधेरे में डूबा यह मार्ग जल्द ही आधुनिक फैंसी लाइटों से जगमगा उठेगा। अच्छी खबर यह है कि बजट और टेंडर की औपचारिकताओं के बाद अब धरातल पर काम शुरू हो चुका है। एजेंसी द्वारा डिवाइडरों के बीच लाइटों के पोल के लिए फाउंडेशन बनाए जा चुके हैं। बता दें कि गौरतलब है कि पिछले करीब एक वर्ष से इस मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों का न होना शहरवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ था। रात के समय अंधेरा होने के कारण न केवल हादसों में बढ़ोतरी हो रही थी, बल्कि आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों की जान पर भी बन आती थी। शुरुआत में नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग के बीच


महेंद्रगढ़। एजेंसी द्वारा डिवाइडर के बीच में बनाए जा रहे फाउंडेशन।

रखरखाव और बिजली बिल के भुगतान को लेकर तालमेल नहीं बन पा रहा था। पीडब्ल्यूडी ने पत्राचार किया और नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने शहर हित में बिजली बिल व रखरखाव की जिम्मेदारी लेने का सहमति पत्र भेजा। इसके बाद ही एक करोड़ 62 लाख रुपये के बजट को मंजूरी मिली और टेंडर प्रक्रिया संपन्न हुई।

**176 फैंसी लाइटों से रोशन होगा शहर**

नारनौल-दादरी स्टेट हाईवें पर एजेंसी ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। योजना के तहत महाराजा शूर सैनी चौक (कैंची टी-पॉइंट) से लेकर मुख्य ओवरब्रिज तक कुल 148 फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, शहर के ओवरब्रिज के ऊपर भी 28 विशेष लाइटें स्थापित की जाएंगी, ताकि शहर के अंदर का यह पूरा मार्ग रोशन रहे तथा शहर की सुंदरता में भी वृद्धि हो। वर्तमान में डिवाइडर के बीचों-बीच फाउंडेशन तैयार किए जा चुके हैं। दो खंभों के बीच लगभग 25 मीटर की दूरी रखी जा रही है, हालांकि सड़क पर आने वाले कट्स और मोड़ों के हिसाब से इस दूरी में मामूली बदलाव किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अगले एक माह के भीतर सभी फाउंडेशन तैयार कर लिए जाएंगे, जिसके तुरंत बाद पोल और लाइटें लगाने का फिटिंग कार्य शुरू होगा। हालांकि एजेंसी के पास इस पूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 22 अगस्त तक का समय है, लेकिन कार्य की गति को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि मई माह के अंत तक शहर का यह स्टेट हाईवे पूरी तरह रोशन हो जाएगा।

**यह बोले चेयरमैन**

नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने बताया कि इन फैंसी लाइटों के लगने से शहर को एक नई पहचान मिलेगी। पहले जहां रात में हाईवे पर अंधेरा रहता था, अब वहां सुरक्षा का माहौल होगा। नगर पालिका ने अपने वादे के अनुसार लाइटों के रखरखाव और बिजली मीटर कनेक्शन की जिम्मेदारी संभाल ली है।

**यह बोले जेई**

शहर के स्टेट हाइवे को लेकर बनाए गए 1.62 करोड़ के इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है। फाउंडेशन का काम चल रहा है और हमारा प्रयास है कि निर्धारित समय से पहले ही जनता को यह सुविधा समर्पित कर दी जाए ताकि हादसों पर अंकुश लग सके।

### मुख्य सचिव ने फसल खरीद को लेकर उपायुक्त के साथ की वीसी

# अनाज मंडियों में किसानों की सुविधा सर्वोपरि: कैप्टन मनोज कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को रबी सीजन के तहत खाद्यान्न खरीद की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

वहीं जिला महेंद्रगढ़ की ओर से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिले की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन किसानों को उनकी फसल का उचित दाम और मंडियों में बेहतर सुविधाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया के दौरान आने वाली किसी भी बाधा को तुरंत दूर किया जाए, ताकि पीक सीजन में किसानों को मंडियों में इंतजार न करना पड़े। बैठक में मुख्य रूप से गेहूं और सरसों की फसल के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज एरिया वेरिफिकेशन के मिसमैच डेटा की समीक्षा की गई।

डीसी ने निर्देश दिए कि इस डेटा का जल्द से जल्द मिलान किया जाए, ताकि खरीद और भुगतान प्रक्रिया में कोई देरी न हो। उपायुक्त ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ की मंडियों में निगरानी के लिए विशेष टीमें गठित की हैं।

जिले की मंडियों में किसानों को 24 घंटे गेट पास की सुविधा दी जा रही है और निजी खरीद भी नियमों के तहत मंडियों के माध्यम से ही सुनिश्चित की जा रही है।


नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मौजूद डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

**निगरानी के लिए जिले में टीमें गठित**

*जिला महेंद्रगढ़ में सरसों की खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने व मार्केट फीस पर निगरानी के लिए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए विशेष टीमों का गठन कर अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नारनौल क्षेत्र की कमान उपमंडल अधिकारी नारनौल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और उपनिरीक्षक कविता को दी गई है। महेंद्रगढ़ में उपमंडल अधिकारी महेंद्रगढ़, निरीक्षक ब्रहम्मा देवी व खाद्य निरीक्षक हरपाल की टीम मुस्तैद रहेगी। इसी प्रकार कनीना में उपमंडल अधिकारी कनीना, वरिष्ठ प्रबंधक जगराम और उपनिरीक्षक संदीप को निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। नांगल चौधरी में उपमंडल अधिकारी नांगल चौधरी, प्रबंधक सुनील चौधरी व उपनिरीक्षक अशोक की टीम तैनात रहेगी। प्रशासन की ओर से इन टीमों को स्पष्ट और अहम निर्देश दिए गए हैं कि वे पूरे जिले में सरसों के भंडार की सघन जांच करें। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाजार शुल्क की किसी भी स्तर पर चोरी न हो सके और सरसों की खरीद प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी तथा सुचारू रूप से चलती रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अनियमितता पाए जाने पर तुरंत सख्त कदम उठाएं।*


महेंद्रगढ़। मंडी में गेहूं की नमी जांचते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

### एसडीएम ने खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को सतनाली अनाज मंडी का दौरा कर सरसों व गेहूं की खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जाए और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। एसडीएम योगेश सैनी ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि किसानों को उपज का समय पर भुगतान किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित न हो। खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई उपज का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडियों में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि वे अपने अनाज को तय मानकों के अनुसार सुखाकर ही मंडियों में लेकर आएं, ताकि उनकी उपज बिना किसी रुकावट के खरीदी जा सके। उन्होंने बताया कि सरसों उपज में नमी की मात्रा आठ प्रतिशत और गेहूं उपज में 12 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। साथ हीं उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंडियों में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न किए जाएं। उन्होंने कहा कि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो और पूरी पारदर्शिता के साथ राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जाए। जिला प्रशासन खरीद प्रक्रिया को सुचारू रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है।

## सतनाली स्वास्थ्य केंद्र के अधूरे काम को पूरा करने को 538.12 लाख की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महेंद्रगढ़ जिले की सतनाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शेष निर्माण कार्यों को गति देने के लिए 538.12 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति दी है। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि इस निर्णय से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के आधारभूत ढांचे में सुधार होगा और लंबे समय से रूके हुए विकास कार्यों को गति मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस राशि का उपयोग चिकित्सालय के मुख्य भवन के बचे हुए कार्यों तथा वहां तैनात चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों के लिए आवासीय भवनों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब स्वास्थ्य कर्मियों के रहने की व्यवस्था परिसर में ही होगी, तो चिकित्सालय में कर्मचारियों की उपस्थिति बेहतर होगी और रोगियों को निरंतर रूप से उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्र की जनता को उनके निवास के समीप ही श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है, ताकि उन्हें उपचार के लिए दूर दराज के बड़े नगरों की ओर न जाना पड़े। इससे स्थानीय निवासियों के समय और धन दोनों की बचत होगी।

**जीवनरक्षक केंद्र होगा सिद्ध**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार का संकल्प प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है।



उन्होंने बताया कि सतनाली का यह केंद्र आधुनिक स्वरूप में आने के बाद न केवल सतनाली, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों के लिए एक जीवनरक्षक केंद्र सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत बजट के साथ निर्माण कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि जनसाधारण को इस सुविधा का लाभ तुरंत मिल सके।

# साइबर सेल ने 6.71 लाख रुपये के गुमशुदा मोबाइल मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार कार्य करते हुए पुलिस की साइबर सेल टीम ने अपनी बेहतरीन तकनीकी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत व तकनीकी सर्विलांस की सहायता से 32 गुम हुए महंगे स्मार्टफोन बरामद किए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग छह लाख 71 हजार 168 रुपये है। पुलिस मुख्यालय में एसपी दीपक ने स्वयं अपने हाथों से ये सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों के सुपुर्द किए। साइबर सेल की टीम ने न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि दूसरे जिलों व अन्य राज्यों में भी ट्रैक करके इन मोबाइलों को बरामद करने में सफलता पाई है।

इस पूरी प्रक्रिया में केंद्र सरकार की ओर से जारी सीईआईआर पोर्टल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने खोए हुए कीमती मोबाइल वापस पाकर सभी मालिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। फोन प्राप्त करने वाले नागरिकों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि फोन गुम होने के बाद उन्हें इसके दोबारा मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी, लेकिन पुलिस की इस तत्परता ने उन्हें नया फोन खरीदने के भारी आर्थिक बोझ से बचा लिया है। इसके लिए सभी ने पुलिस व साइबर सेल की टीम का शुक्रिया अदा किया।

पुलिस अधीक्षक ने वहां मौजूद लोगों को मोबाइल सुरक्षा के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में घबराने की आवश्यकता नहीं है।


नारनौल। मालिकों को मोबाइल सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

**मोबाइल गुम होने पर तुरंत शिकायत करें: एसपी**

एसपी ने कहा कि मोबाइल खोते ही तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि फोन को आसानी से ब्लॉक और ट्रैक किया जा सके, जिससे इसका गलत इस्तेमाल रुक सके। दूसरा फोन गुम होते ही अपनी सिम को तुरंत बंद करवाएं और डुप्लीकेट सिम निकलवाएं, ताकि कोई भी आपके नंबर का दुरुपयोग कर किसी साइबर अपराध को अंजाम न दे सके। पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे अपने मोबाइल व कीमती सामान का ध्यान रखें और किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# एक्शन मोड में एसडीएम नगर का किया दौरा

**महेंद्रगढ़।** नवनियुक्त एसडीएम योगेश सैनी ने नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी के साथ देर शाम शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर प्रशासनिक सक्रियता का परिचय दिया। इस दौरान वार्ड नंबर 6, 9, 10, 11, 12 एवं 13 में चल रहे विकास कार्यों का मौके पर जाकर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं मौके की वास्तविक स्थिति का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। इसके अतिरिक्त, शहर की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया और सफाई व्यवस्था को भी देखा। बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण पर भी गंभीर चिंता जताई। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरे से प्रशासन की कार्यशैली में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।


महेंद्रगढ़। शहर का दौरा करते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

### महेंद्रगढ़ शहर में चलेगा अतिक्रमण मुक्त अभियान

**महेंद्रगढ़।** अतिक्रमण मुक्त महेंद्रगढ़ अभियान के तहत एसडीएम योगेश सैनी ने मंगलवार को अपने कार्यालय में नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर शहर में मुनादी करवाकर अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शहर में मुनादी करवाकर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का 24 घंटे का समय दिया जाए। एसडीएम ने कहा कि दुकानदारों को सड़क पर व शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बरामदों में अतिक्रमण न करने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा है कि महेंद्रगढ़ शहर में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा और सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि महेंद्रगढ़ में दुकानदार शॉपिंग कॉम्पलेक्स के बरामदे व सड़कों पर अपना कोई भी स्थाई या बेचने वाली वस्तु नहीं रखेंगे। सभी दुकानदार अपने अधिकृत क्षेत्र में ही अपना सामान रखें जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। एसडीएम ने कहा कि आपके इस सकारात्मक सहयोग से महेंद्रगढ़ और अधिक स्वच्छ, सुंदर और सुगम बनेगा।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### वार्ड नंबर 11 के बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए अपना पंजीकरण करवाया

*आभा कार्ड एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी: सुनीता यादव*

# आभा कार्ड अभियान तेज, डिजिटल स्वास्थ्य आईडी से इलाज होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आभा कार्ड (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) बनाने का अभियान शहर में इन दिनों तेजी पकड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्राचीन हनुमान मंदिर के पास स्थित रामदेव धर्मशाला में पहुंचकर लोगों के आभा कार्ड बना रही है। इस दौरान वार्ड नंबर 11 के बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए अपना पंजीकरण कराया।

इस अभियान में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और टीम लगातार कार्ड बनाने के कार्य में जुटी रही। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मौके पर ही लोगों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है और साथ ही आभा कार्ड के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी जा रही है। वार्ड नंबर 11 की आशा वर्कर सुनीता यादव ने बताया कि आभा कार्ड एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी है, जिसमें व्यक्ति के इलाज से जुड़ी सभी जानकारियां सुरक्षित रूप से संग्रहीत रहती हैं। इसमें डॉक्टर की पर्ची, जांच रिपोर्ट, दवाइयों का विवरण और अस्पताल में हुए इलाज का पूरा रिकॉर्ड शामिल होता है।


महेंद्रगढ़। आभा कार्ड बनवाते मौहल्लावासी। फोटो: हरिभूमि

**कार्ड के फायदे**

इलाज के दौरान आभा कार्ड के कई महत्वपूर्ण फायदे सामने आते हैं। सबसे बड़ी सुविधा यह है कि मरीज को बार-बार अपने मेडिकल दस्तावेज साथ ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। डॉक्टर किसी भी समय मरीज की पूरी मेडिकल हिस्ट्री देख सकते हैं, जिससे बीमारी का सटीक आकलन कर बेहतर उपचार संभव हो पाता है। इसके अलावा आपात स्थिति में यह कार्ड बेहद मददगार साबित होता है, क्योंकि इससे तुरंत आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो जाती है। इस मौके पर वार्ड 11 के पार्षद प्रतिनिधि हरिराम खन्ना, रमेश कबाडी, बुधराम सेठ, सुरेश शर्मा, रोहताश यादव, जगदीश सैनी सहित अनेक लोगों ने सहयोग दिया।

### सीआईए का जुआरियों पर शिकंजा, 9 गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** सीआईए पुलिस टीम ने जुआ और सट्टा खेलने वालों के खिलाफ अभियान चलाया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव सुरजनवास के एक खेत में छापेमारी कर नौ आरोपितों को ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेलते हुए काबू किया है। पुलिस ने मौके से कुल 32,600 रुपये की नकदी और 52 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। सीआईए टीम जब गश्त पर थी, तब उन्हें गुप्त पुख्ता सूचना मिली थी कि सुरजनवास में एक व्यक्ति के खेत में बने कोटड़े में जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी तो कोटड़े के अंदर नौ व्यक्ति ताश के पत्तों पर दांव लगाते हुए पाए गए। पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान महिपाल, पवन, संदीप, रोशन, सूरजभान, भूपेंद्र, वीरेंद्र, वीर सिंह और ग्यारसी लाल के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान इन सभी आरोपितों के पास से और अखबार पर रखे हुए 32,600 रुपये की नकदी तथा 52 ताश के पत्ते बरामद कर जब्त कर लिए।